(b) The scheme comprises the construction of breakwaters and certain river training works.

(c) No.

बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय के पुस्तकालय से पुस्तकें गुम होना

3016. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय के पुस्तकालय से अनेक पुस्तकें गुम हो गई है;

(ख) क्या सरकार को इस सबन्ध मे विश्वविद्यालय के अधिकारियो से कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है और यदि हां, तो रिपोर्ट की मुख्य बातें क्या है; और

(ग) क्या इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियो के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई है अथवा की जा रही है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (प्रो० एस० नुरूल हसन) : (क) से (ग). बनारस विश्वविद्यालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 1972 मे पुस्तकालय के कुछ अनुभागों की जांच परख की गई थी जिसमें विश्वविद्यालय ने पाया कि कुछ पुस्तकें खो गई हैं जो कि समान्य औसत से बहुत ज्यादा हैं। विश्वविद्यालय का अगले ग्रीष्मकालीन अवकाश मे सारे पुस्तकालय के स्टाक की व्यापक जाच करने का प्रस्ताव है। यह प्रस्तावित जाँच पड़ताल पूरी हो जाने के बाद ही सही नुकसान का पता चलेगा।

मध्य प्रदेश द्वारा जर्मन लोकतंत्रात्मक गणराज्य के ट्रैक्टरों की मांग

3017. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों मे मध्य प्रदेश को जर्मन लोकतंत्रात्मक गणराज्य से आयात किये गये कितने ट्रैक्टरों की सप्लाई की गई,

(ख) क्या इस अवधि के बाद भी मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से और अधिक ट्रैक्टरो की मांग की है, और

(ग) यदि हां, तो इस बारे मे सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) : (क). वर्ष 1969-70 की अवधि मे पूर्वी जर्मनी से 1998 आर.एस.-09 ट्रैक्टर आयात किये गये थे। मध्य प्रदेश को आर.एस.-09 ट्रैक्टरो का कोई आवटन नही किया गया।

(ख) मध्य प्रदेश सरकार से आर.एस.-09 ट्रैक्टरों की और आपूर्ति के सम्बन्ध में कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) प्रश्न ही नही होता।

भारत में पुस्तकों के प्रकाशक और पाठक

3018. **श्री जगन्नाथ मिश्र :** क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अन्य देशों की तुलना में भारत में पुस्तकों के प्रकाशक और पाठक कम हैं ;